मन्द–मूर्ख, आलसी, अप्रवीण, अल्प तथा निर्भाग्य ॥

द्वौ तु शारदौ। प्रत्यग्राप्रतिभौ–

शारद–डरपोक, छितिउन (वृक्ष) जलपीपर ओषधी ॥

–विद्वत्सुप्रगल्भौ विशारदौ ॥ ९५ ॥

विशारद–विद्वान्, चतुर और ढीठ पुरुष ।९५।

॥ इति दान्ताः ॥

व्यामो वटश्च न्यग्रोधा—

न्यग्रोध–वटवृक्ष तथा अँकवार ॥

—वुत्सेधः काय उन्नतिः।

उत्सेध–देह तथा ऊँचाई॥

पर्याहारश्च मार्गश्च विवधौ वीवधौ च तौ ॥ ९३ ॥

विविध, वीवध–पर्याहार (ध्यानादि) तथा मार्ग ॥ ९६ ॥

परिधिर्यज्ञियतरोः शाखायामुपसूर्यके।

परिधि–वृत्तकी परिधि वा गोलाई, सूर्य वा चन्द्रके चारों ओरका मण्डल, पलाश इत्यादि यज्ञके वृक्षकी शाखा ॥

बन्धके व्यसनं चेतःपीडाधिष्ठानमाधयः ॥ ९७ ॥

आधि–बन्धक, आपत्ति, मनकी पीडा तथा बैठना ॥ ९७ ॥

स्युः समर्थननीवाकनियमाश्चसमाधयः।

समाधि–चित्तके व्यापारका रोकना, अङ्गीकार, चुप रहना, नियम तथा ध्यान ॥

दोषोत्पादेऽनुबन्धः स्यात्प्रकृत्यादिविनश्वरे ॥ ९८ ॥

मुख्यानुयायिनि शिशौ प्रकृतस्यानुवर्तने।

अनुबन्ध—दोषका उत्पन्न करना, प्रकृति प्रत्यय, आदेश इत्यादिमें जिसका नाश हो गया हो वह ॥ ९८ ॥ पिता इत्यादि बड़ोंका अनुसरण करनेवाला बालक, प्रारम्भ किया वस्तुका परम्परासे चलना ॥

विधुर्विष्णौ चन्द्रमसि

विधु–विष्णु, चन्द्रमा, कपूर तथा राक्षस ॥

–परिच्छेदे बिलेऽवधिः ॥ ९९ ॥

अवधि–सीमा वा हद्द, गड्ढा और काल ९९

विधिर्विधाने दवेऽपि—

विधि–करना, भाग्य, धर्मशास्त्र तथा आज्ञादेना

—प्रणिधिः प्रार्थने चरे।

प्रणिधि–प्रार्थना तथा चलनेवाला ॥

बुधवृद्धौ पण्डितेऽपि

बुध–पण्डित तथा एक ग्रह, तथा वृद्ध पुरुष ॥

—स्कन्धः समुदयेऽपि च ॥ १०० ॥

स्कन्द–समुदय, समूह, काण्ड, राजा तथा कन्धा ॥ १०० ॥

देशे नदविशेषेऽब्धौ सिन्धुर्ना सरिति स्त्रियाम्।

सिंधु–समुद्र, एक नद, सिंधुदेश तथा नदी ॥

विधा विधौ प्रकारे च—

विधा–विधान प्रकार तथा बड़ाई ॥

—साधू रम्येऽपि च त्रिषु ॥ १०१ ॥

साधु–साधु, कुलीन, सुन्दर, रोजगारी तथा सज्जन ॥ १०१ ॥

वधूर्जाया स्नुषा स्त्री च—

वधू--स्त्री, (विवाहिता स्त्री) पुत्रकी बहू, सवरग ओषधी ॥

-सुधा लेपोऽमृतं स्नुही ।

सुधा--अमृत, चूना, बिजली, भोजन, अँवरा, सेहुँड ॥

सन्धा प्रतिज्ञा मर्यादा—

संधा--प्रतिज्ञा, अङ्गीकार, मर्यादा ॥

—श्रद्धा संप्रत्ययः स्पृहा ॥ १०२ ॥

श्रद्धा--आदर, आकांक्षा तथा विश्वास ।१०२ ।

मधु मद्ये पुष्परसे क्षौद्रे—

मधु--मद्य, पुष्परस, शहद, चैत्र तथा महुआ ॥

—ऽप्यन्धं तमस्यपि ॥

अन्ध--अन्धा तथा अँधियारा ॥

अतस्त्रिषु—

यहांसे लेकर धांतवर्गपर्यन्त शब्द तीनों लिंगोंमें होते है ॥

समुन्नद्धौ पण्डितंमन्यगर्वितौ ॥ १०३ ॥

समुन्नद्ध--अपनेको पंडित माननेवाला तथा गर्वयुक्त ॥ १०३ ॥

ब्रह्मबन्धुरधिक्षेपे निर्देशे-

ब्रह्मबन्धु--अधिक्षेप, निंदा योग्य ब्राह्मण ॥

--ऽथावलम्बितः । अविदूरोऽप्यवष्टब्धः—

अवष्टब्ध--आश्रित,पासवाला तथा बँधा हुआ ।

प्रसिद्धौ ख्यातभूषितौ ॥ १०४ ॥

प्रसिद्ध--प्रसिद्ध वा ख्यात तथा भूषित ॥१०४॥

॥ इति धान्ताः ॥

सूर्यवह्नी चित्रभानू—

चित्रभानु-सूर्य और अग्नि ॥

—भानू रश्मिदिवाकरौ ।

भानु--किरण और सूर्य ॥

भूतात्मानौ धातृदेहौ-

भूतात्मन्--ब्रह्मा तथा देह ॥

मूर्खनीचौ पृथग्जनौ ॥ १०५ ॥

पृथग्जन--मूर्ख और नीच ॥ १०५ ॥

ग्रावाणौ शैलपाषाणौ-

ग्रावन्-पर्वत तथा पत्थर ॥

—पत्रिणौ शरपक्षिणौ ।

पत्रिन्-पक्षी, बाज पक्षी तथा बाण ॥

तरुशैलौ शिखरिणौ—

शिखरिन्-वृक्ष तथा शैल ॥

-शिखिनौ वह्निबर्हिणौ ॥ १०६ ॥

शिखिन्-अग्नि तथा मोर ॥ १०६ ॥

प्रतियत्नावुभौ लिप्सोपग्रहा—

प्रतियत्न--लाभकी इच्छा तथा सत्कार ॥

अथ सादिनौ । द्वौ सारथि हयारोहौ-

सादिन्-सारथि और घोड़ेका सवार ॥

—वाजिनोऽश्वेषुपक्षिणः ॥ १०७ ॥

वाजिन्-घोड़ा, बाण और पक्षी ॥ १०७ ॥

कुलेऽप्यभिजनौ जन्मभूम्याम-

अभिजन--कुल तथा जन्मभूमि ॥

अथ हायनाः । वर्षार्चिर्व्रीहिभेदाश्च-

हायन--वर्ष, आँच तथा एक तरहका धान ॥

—चन्द्राग्न्यर्का विरोचनाः ॥ १०८ ॥

विरोचन--चन्द्रमा, अग्नि, सूर्य ॥ १०८ ॥

क्लेशेऽपि वृजिनो-

वृजिन--क्लेश, कुटिल तथा पाप ॥

-विश्वकर्मार्कसुरशिल्पिनोः ।

विश्वकर्मन्-सूर्य तथा विश्वकर्मा ॥

आत्मा यत्नो धृतिर्बुद्धिः स्वभावो ब्रह्म वर्ष्म च ॥ १०९ ॥

आत्मन्-आत्मा, देहस्वभाव, बुद्धि ब्रह्म, उपाय तथा धीरता वा धैर्य ॥ १०९ ॥

शक्रो घातुकमत्तेभो वर्षुकाब्दो घनाघनः ।

घनाघन-बरसनेवाला मेघ, इन्द्र तथा खूनी मतवाला हाथी ॥

अभिमानोऽर्थादिदर्पे ज्ञाने प्रणयहिंसयोः ॥ ११० ॥

अभिमान-धनादिका घमण्ड, ज्ञान, प्रणय, नम्रता तथा हिंसा ॥ ११० ॥

घनो मेघे मूर्तिगुणे त्रिषु मूर्ते निरन्तरे ।

घन-कठोरवस्तु, मेघ, मूर्तिकागुण, मुद्गर, कांसीका बना हुआ घंटा इत्यादि बाजा, मध्यनृत्य, गीतवाद्य ।

इनः सूर्य प्रभौ—

इन-सूर्य, प्रभु ॥

-राजा मृगांके क्षत्रिये नृपे ॥ १११ ॥

राजन्-चन्द्रमा, क्षत्रिय तथा नृप ॥ १११ ॥

वाणिन्यौ नर्तकीदूत्यौ-

वाणिनी-नाचनेवाली स्त्री तथा दूती वा कुटनी॥

—स्रवन्त्यामपि वाहिनी ॥

वहिनी-सेना, नदी, वाहिनीपति, समुद्र तथा सेनापति ॥

ह्रादिन्यौ वज्रतडितौ—

ह्रादिनी-वज्र और बिजली ॥

-वन्दायामपि कामिनी ॥ ११२ ॥

कामिनी-बहुत कामवाली वा कामकी इच्छा करनेवाली स्त्री, बाँदा (एक वृक्षका रोग) तथा स्त्री ॥ ११२ ॥

त्वग्देहयोरपि तनुः-

तनु-खाल, शरीर, थोड़ा और दुर्बल ।

-सूनाऽधोजिह्विकापि च ।

सूना-जिह्वाके तलेका स्थान और मारनेका स्थान ॥

क्रतुविस्तारयोरस्त्री वितानं त्रिषु तुच्छके ॥ ११३ ॥ मन्दे-

वितान-क्रतु, विस्तार, तुच्छ ॥ ११३ ॥ तथा मन्द ॥

-ऽथ केतनं कृत्ये केतावुपनिमन्त्रणे ।

केतन-ध्वजा, घर, कार्य तथा उपनिमन्त्रण ॥

वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म ब्रह्मा विप्रः प्रजापतिः ॥ ११४ ॥

ब्रह्मन्-वेद, चैतन्य, तप, ब्रह्मा तथा ब्राह्मण और प्रजापति ॥ ११४ ॥

उत्साहने च हिंसायां सूचने चापि गन्धनम् ।

गधन-सूचना करना वा चुगली खाना, हिंसा तथा उत्साह देना वा भरोसा देना ।

आतञ्चनं प्रतीवापजवनाप्यायनार्थकम् ॥ ११५ ॥

आतञ्चन-वेग, तप करना तथा दूधमें मट्ठा डालना ॥ ११५ ॥

व्यञ्जनं लाञ्छनं श्मश्रुनिष्ठानावयवेष्वपि ।

व्यञ्जन-चिह्न, दाढी मूछ, निष्ठान तथा अङ्ग ॥

स्यात्कौलीनं लोकवादे युद्धे पश्वहिपक्षिणाम् ॥ ११६ ॥

कौलीन-लोकापवाद वा लोकनिंदा तथा पशु सर्प पक्षीका युद्ध ॥ ११६ ॥

स्यादुद्यानं निःसरणे वनभेदे प्रयोजने ।

उद्यान-बगीचा, निकलना तथा प्रयोजन ॥

अवकाशे स्थितौ स्थानं-

स्थान-अवकाश और स्थिति ॥

-क्रीडादावपि देवनम् ॥ ११७ ॥

देवन-क्रीडा, व्यवहार तथा जीतनेकी इच्छा ॥ ११७

उत्थानं पौरुषे तन्त्रे संनिविष्टोद्गमेऽपि च

उत्थान-उठना वा खड़ा होना, उद्योग, कुटुम्ब-कार्य, सिद्धान्त तथा उत्पन्न प्रपंच।

व्युत्थानं प्रतिरोधे च विरोधाचरणेऽपि च ॥ ११८ ॥

व्युत्थान-तिरस्कार या अनादर, विरोध करना ॥ ११८ ॥

मारणे मृतसंस्कारे गतौ द्रव्येऽर्थदापने। निर्वर्तनोपकरणानुव्रज्यासु च साधनम् ॥ ११९ ॥

साधन-पारा इत्यादि रसायनका बनाना, चलना पृथ्वी, जल इत्यादि द्रव्य, धन दौलत दिलवाना, धन इत्यादि का पैदा करना, उपाय, पीछे पीछे चलना पुरुषकी मूत्रेंद्रिय, तथा मृतक का अग्निसंस्कार ॥ ११९ ॥

निर्यातनं वैरशुद्धौ दाने न्यासार्पणेऽपि च

निर्यातन-वैरशोधन, दान तथा धरोहर देना ॥

व्यसनं विपदि भ्रंशे दोषे कामजकोपजे ॥ १२० ॥

व्यसन-विपत्ति, भ्रंश, नाश वा पतन, कामज दोष तथा कोपज दोष ॥ १२० ॥

पक्ष्माक्षिलोम्नि किंजल्के तन्त्वाद्यंशेऽप्यणीयसि।

पक्ष्मन्-नेत्रोंके पलक, केसर सूतका टुकड़ा, अतिअल्प ॥

तिथिभेदे क्षणे पर्व—

पर्वन्-अष्टमी दर्श आदि तिथि उत्सव ॥

-वर्त्मनेत्रच्छदेऽध्वनि ॥ १२१ ॥

वर्त्मन्-मार्ग वा रास्ता तथा आंखके पलक ॥ १२१ ॥

अकार्यगुह्ये कौपीनं-

कौपीन-अकार्य और गुह्य तथा कौपीन ॥

-मैथुनं संगतौ रते।

मैथुन-स्त्री पुरुषका संयोग तथा रति ॥

प्रधानं परमात्मा धीः-

प्रधान-प्रधान वा मुख्य तथा राजका मुख्य सहाय, परमात्मा, बुद्धि ॥

प्रज्ञानं बुद्धिचिह्नयोः ॥ १२२ ॥

प्रज्ञान-बुद्धि और चिह्न ॥ १२२ ॥

प्रसूनं पुष्पफलयो-

प्रसून-फूल तथा फल ॥

-र्निधनं कुलनाशयोः।

निधन-कुल और नाश ॥

क्रन्दने रोदनाह्वाने-

क्रन्दन-रोना, पुकारना तथा योद्धाओंका धमकीसे ललकारना ॥

-वर्ष्म देहप्रमाणयोः ॥ १२३ ॥

वर्ष्मन्-शरीर वा देह तथा प्रमाण वा माप ॥ १२३ ॥

गृहदेहत्विट्प्रभावा धामा—

धामन्-घर, देह, प्रभा वा प्रकाश तथा प्रभाव॥

-न्यथ चतुष्पथे। संनिवेशे च संस्थानं-

संस्थान-किसी वस्तुके अवयवोंका विभाग तथा चौराहा और मरना वा नाश ॥

—लक्ष्म चिह्नप्रधानयोः ॥ १२४ ॥

लक्ष्मन्-चिह्न तथा प्रधान वा मुख्य ॥ १२४ ॥

आच्छादने संपिधानमपधारणमित्युभे।

आच्छादन-ढाकना, छिपना वस्त्र इत्यादिसे वेष्टन, वस्त्र तथा गुप्त होना ॥

आराधनं साधने स्यादवाप्तौ तोषणेऽपि च ॥ १२५ ॥

आराधन-सन्तुष्ट करना, सिद्ध करना तथा लाभ ॥ १२५ ॥

अधिष्ठानं चक्रपुरप्रभावाध्यासनेष्वपि ॥

अधिष्ठान-पहिया, नगर, आक्रमण वा अमलमें कर लेना ॥

रत्नं स्वजातिश्रेष्ठेऽपि—

रत्न–जवाहिर तथा स्वजातिमें श्रेष्ठ वा उत्तम ॥

—वनं सलिलकानने ॥ १२६ ॥

वन–पानी और वन ॥ १२६ ॥

तलिनं विरले स्तोके—

तलिन–विरल तथा थोडा ॥

वाच्यलिङ्गं तथोत्तरे ।

यहांसे नांतवर्गकी समाप्ति पर्य्यन्त संपूर्ण शब्द वाच्यलिंग होते हैं ॥

समानाः सत्समैके स्युः—

समान–पण्डित, सम और एक ॥

—पिशुनौ खलसूचकौ ॥ १२७ ॥

पिशुन–सूचक वा चुगलखोर तथा खल॥१२७॥

हीनन्यूनावूनगर्ह्यौ–

हीन–थोड़ा, त्याग किया गया, न्यून—निन्दा करने योग्य व किसी वस्तुसे रहित ॥

वेगिशूरौ तरस्विनौ ।

तरस्विन्–वेगवाला तथा शूर ॥

अभिपन्नोऽपराद्धोऽभिग्रस्तव्यापद्गतावपि ॥ १२८ ॥

अभिपन्न–अपराधी, जीता गया तथा विपत्तिको प्राप्त हुआ ॥ १२८ ॥

॥ इति नान्ताः ॥

कलापो भूषणे बर्हे तूणीरे संहतावपि ।

कलाप–समूह, मोरकी पूँछ, कोंधनी तथा गहना और तरकस ॥

परिच्छदे परीवापः पर्युप्तौ सलिलस्थितौ ॥ १२९ ॥

परीवाप–तंबू, कनात. इत्यादि सामग्री तथा बीजका बोना और थाला ॥ १२९ ॥

गोधुग्गोष्ठपती गोपौ–

गोप–अहीर, गन्धरस, अनेक कामोंको करनेवाला वा कामदार ॥

—हरविष्णू वृषाकपी ।

वृषाकपी–महादेव तथा विष्णु ॥

बाष्पमूष्माश्रु—

बाष्प—भाफ अर्थात् गरम वस्तुपर पानी डालनेसे धुआंके सदृश ऊपर उठती हुई वस्तु, आंसू, गरमी ॥

—कशिपु त्वन्नमाच्छादनं द्वयम् ॥१३०

कशिपु भोजन, अन्न, वस्त्र तथा तकिया ॥ १३० ॥

तल्पं शय्याट्टदारेषु—

तल्प–खाट, अटारी तथा दारा ॥

–स्तम्बेऽपि विटपोऽस्त्रियाम् ।

विटप–शाखा पत्ता इत्यादिका समूह, घास तृण इत्यादिका गुच्छा, वृक्ष वा पेड़ ॥

प्राप्तरूपस्वरूपाभिरूपा बुधमनोज्ञयोः ॥ १३१ ॥ मेद्यलिंगा अमी–

प्राप्तरूप, स्वरूप, अभिरूप-पंडित तथा सुन्दर ॥ १३१ ॥

–कूर्मी वीणाभेदश्च कच्छपी ।

कच्छपी—कछुही और सारस्वती वीणा ॥

इति पांताः ॥

रवर्णे पुंसि रेफः स्यात्कुत्सिते वाच्यलिंगकः ॥ १३२ ॥

रेफ–अधम वा नीच तथा रेफ वा हल् रकार एक वर्ण ॥ १३२ ॥

इति फांताः ॥

अन्तराभवसत्त्वेऽश्वे गन्धर्वो दिव्यगायने ।

गन्धर्व–विश्वावसु इत्यादि स्वर्गके गवैये, घोड़ा, एक प्रकारका गन्धयुक्त मृग, मनुष्यादि प्राणी ॥

कम्बुर्ना वलये शंखे–

कम्बु–शख, ककण वा कगन ॥

–द्विजिह्वौ सर्पसूचकौ ॥ १३३ ॥

द्विजिह्व-सर्प तथा चुगलखोर ॥ १३३ ॥

पूर्वोऽन्यलिंगः प्रागाह पुंबहुत्वेऽपि पूर्वजान् ॥

पूर्व-पहिला (ली), पूर्वपुरुष अर्थात् पुरुखा, ब्रह्मा, पूर्वदिशा तथा पहिले ॥

इति वान्ताः ॥

कुम्भौ घटेभमूर्धांशौ-

कुम्भ-गूगलका वृक्ष, घडा, हाथीका मस्तक-अंश, कुम्भराशि ॥

-डिम्भौ तु शिशुबालिशौ ॥ १३४ ॥

डिम्भ-बालक तथा मूर्ख ॥ १३४ ॥

स्तम्भौ स्थूणाजडीभावौ

स्तम्भ-खम्भ, ठगमुरी ॥

-शम्भू ब्रह्मत्रिलोचनौ।

शम्भु-ब्रह्मा और शिव ॥

कुक्षिभ्रूणार्भका गर्भा

गर्भ-स्त्रीके पेटका गर्भ; पेट, बालक नाट्यकी तीसरी संधि ॥

-विस्रम्भः प्रणयेऽपि च ॥ १३५ ॥

विस्रम्भ-शृङ्गारकी प्रार्थना और विश्वास १३५।

स्याद्भेर्यां दुन्दुभिः पुंसि स्यादक्षे दुन्दुभिः स्त्रियाम्।

दुन्दुभि—नगाडा तथा लटकोंका एक प्रकार का खिलौना ॥

स्यान्महारजने क्लीबं कुसुम्भं करके पुमान् ॥ १३६ ॥

कुसुम्भ-कमण्डलु, कुसुम्भका फूल ॥ १३६ ॥

क्षत्रियेऽपि च नाभिर्ना—

नाभि-ठोढ़ी, क्षत्रिय, मुख्य राजा, रथके चक्र-का मध्यभाग और कस्तूरी ॥

सुरभिर्गन्धि च स्त्रियाम्।

सुरभि-सुन्दर वा मनोहर, सुगंधयुक्त प्रसिद्ध, चंपा (पुष्पवृक्ष), वसन्तऋतु, जायफल, कामधेनु सलईवृक्ष, सुवर्ण वा सोना तथा कमल (पुष्पवृक्ष) ॥

सभा संसदि सभ्ये च—

सभा-सभा तथा घर ॥

—त्रिष्वध्यक्षेऽपि वल्लभः ॥ १३७ ॥

वल्लभ-प्यारा-री, स्त्रीका पति, अध्यक्ष वा मालिक तथा कुलीन घोडा ॥ १३७ ॥

इति भांताः ॥

किरणप्रग्रहौ रश्मी—

रश्मि—किरण वा प्रकाश तथा लगाम ॥

—कपिभेकौ प्लवंगमौ।

प्लवंगम—वानर तथा मेंढक ॥

इच्छामनोभवौ कामौ—

काम-इच्छा और काम ॥

—शौर्योद्योगौ पराक्रमौ ॥ १३८ ॥

पराक्रम-शूरता तथा उद्योग ॥ १३८ ॥

धर्माः पुण्ययमन्यायस्वभावाचारसोमपाः।

धर्म-पुण्य, यमराज, न्याय, स्वभाव, आचार तथा सोमयज्ञ करके सोमवल्लीका रस पीनेवाला ॥

उपायपूर्व आरम्भ उपधा चाप्युपक्रमः ॥ १३९ ॥

उपक्रम-उपायपूर्वक प्रारम्भ, प्रारम्भ तथा रिसवत ॥ १३९ ॥

वणिक्पथः पुरं वेदो निगमो—

निगम-व्यापार, शहर तथा वेद ॥

—नागरो वणिक्। नैगमौ द्वौ—

नैगम-वेदसम्बन्धि वस्तु, नगरका रहनेवाला तथा बनियां और उपनिषद् ॥

—बले रामो नीलचारुसिते त्रिषु १४०॥

राम-सुन्दर वा मनोहर, नीली वस्तु, श्वेत वस्तु तथा परशुराम, रामचन्द्र, बलराम १४० ॥

शब्दादिपूर्वो वृन्देऽपि ग्रामः—

ग्राम—(पु०) गांव, (इस शब्दके पूर्वमें जब "शब्द" इत्यादि शब्द रहते हैं तब यह समूहवाची होता है, जैसा-शब्दग्राम, स्वरग्राम, यह शब्द कहीं स्वरवाची भी है) ॥

—क्रान्तौ च विक्रमः ।

विक्रम—विक्रमण तथा पराक्रम ॥

स्तोमः स्तोत्रेऽध्वरे वृन्दे—

स्तोम—समूह तथा स्तोत्र ॥

जिह्मस्तु कुटिलेऽलसे ॥ १४१ ॥

जिह्म—कुटिल तथा आलसी और वक्र ॥१४१॥

गुल्मा रुक्स्तम्बसेनाश्च—

गुल्म—पिलही रोग, विना डालीका वृक्ष तथा एक प्रकारकी सेना ॥

जामिः स्वसृकुलस्त्रियोः ।

जामि—बहिन तथा कुलस्त्री ॥

क्षितिक्षान्त्योः क्षमा युक्ते क्षमं शक्ते हिते त्रिषु ॥ १४२ ॥

क्षमा—पृथ्वी तथा क्षमा वा सहना ॥१४२॥

त्रिषु श्यामौ हरित्कृष्णौ श्यामा स्याच्छारिवा निशा ।

श्याम, श्यामा—हरा, कृष्णाशतावरी और रात्रि॥

ललामं पुच्छपुण्ड्राश्वभूषाप्राधान्यकेतुषु ॥ १४३ ॥

ललाम—पूंछ, घोड़ा, घोड़ेके माथेका एक चिह्न घोड़ेका गहना, प्रधान वा मुख्य, मनोहर, प्रभाव, पुरुष तथा भूषण और अश्वलिंगी ॥ १४३ ॥

सूक्ष्ममध्यात्मम—

सूक्ष्म—छल तथा अध्यात्म ॥

स्यादौ प्रधाने प्रथम—

प्रथम—पहिला-ली, तथा प्रधान वा मुख्य ॥

—स्त्रिषु ।

यहांसे लेकर मान्तपर्यन्त सम्पूर्ण शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

वामौ वल्गुप्रतीपौ द्वा—

वाम—शोभित, उलटा तथा टेढ़ा ॥

अधमौ न्यूनकुत्सितौ ॥ १४४ ॥

अधम—न्यून तथा निन्दित ॥ १४४ ॥

जीर्णं च परिभुक्तं च यातयाममिदं द्वयम् ॥

यातयाम—पुराना-नी, (बासी अन्न इत्यादि) और भोजन करके त्याग किया गया-वा की गयी ॥

इति मान्ताः ॥

तुरंगगरुडौ तार्क्ष्यौ—

तार्क्ष्य—घोड़ा तथा गरुड ॥

—निलयापचयौ क्षयौ ॥ १४५ ॥

क्षय—नाश, प्रलय, क्षयरोग तथा घर ॥१४५॥

श्वशुर्यौ देवरश्यालौ—

श्वशुर्य—देवर तथा साला ॥

भ्रातृव्यौ भ्रातृजद्विषौ ।

भ्रातृव्य—भतीजा तथा शत्रु ॥

पर्जन्यौ रसदब्देन्द्रौ—

पर्जन्य—शब्दित मेघ तथा इन्द्र ॥

—स्यादर्यः स्वामिवैश्ययोः १४६ ।

अर्य—स्वामी तथा वैश्य ॥ १४६ ॥

तिष्यः पुष्ये कलियुगे—

तिष्य—पुष्य नक्षत्र और कलियुग ॥

—पर्यायोऽवसरे क्रमे ।

पर्याय—अवसर तथा क्रम ॥

प्रत्ययोऽधीनशपथज्ञानविश्वासहेतुषु ॥ १४७ ॥ रन्ध्रे शब्दे—

प्रत्यय—अधीन, शपथ, ज्ञान, विश्वास तथा कारण ॥ १४७ ॥ छिद्र और शब्द ॥

—ऽथानुशयो दीर्घद्वेषानुतापयोः ।

अनुशय—बड़ा वैर तथा पश्चात्ताप ॥

स्थूलोच्चयस्त्वसाकल्ये गजानां मध्यमे गते ॥ १४८ ॥

स्थूलोच्चय-पर्वतका बड़ा ढोंका, अपूर्णता, हाथियों की मध्यम गति अर्थात् न जल्दी न धीरे ॥१४८॥

समयाः शपथाचारकालसिद्धान्त-संविदः ।

समय—काल वा समय, शपथ वा किरिया, आचार वा अपने मतके सदृश व्यवहार, सिद्धान्त अर्थात् निर्णय किया हुआ पदार्थ तथा बात-चीत करना ॥

व्यसनान्यशुभं दैवं विपदित्यनयास्त्रयः ॥ १४९ ॥

अनय—दुर्व्यसन, जुआ इत्यादि, दुष्ट भाग्य तथा विपत्ति और अनीति ॥ १४९ ॥

अत्ययोऽतिक्रमे कृच्छ्रदोषे दण्डे—

अत्यय—मरना, उल्लंघन, क्लेशदोष तथा दण्ड और नाश ॥

ऽप्यथापदि । युद्धायत्यो संपरायः—

सम्पराय-आपत्ति, युद्ध तथा उत्तरकाल या आगाड़ीका समय ॥

पूज्यस्तु श्वशुरेऽपि च ॥ १५० ॥

पूज्य-पूजा या आदर करनेके योग्य और ससुर ॥ १५० ॥

पश्चादवस्थायि बलं समवायश्च संनयौ।

सन्नय-अच्छा न्याय करनेवाला, सेनाके पीछे की सेना तथा समूह ॥

संघाते संनिवेशे च संस्त्यायः—

संस्त्याय-समूह, बैठक तथा विस्तार ॥

-प्रणयास्त्वमी ॥ १५१ ॥ विस्रम्भयाञ्चाप्रेमाणः—

प्रणय-प्रेम वा प्रीति, मांगना तथा विश्वास ॥ १५१ ॥

-विरोधेऽपि समुच्छ्रयः ॥

संमुच्छ्रय-ऊंचाई तथा विरोध ॥

विषयो यस्य यो ज्ञातस्तत्र शब्दादिकेष्वपि ॥ १५२ ॥

विषय-जानी हुई वस्तु, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श शब्द ये प्रत्येक विषय कहलाते हैं, देश, स्थान और आश्रय ॥ १५२ ॥

निर्यासेऽपि कषायोऽस्त्री—

कषाय-कषैला रङ्गवाला-स्त्री, कषैला रङ्ग, काढा, विलेपन तथा नया अगराग अर्थात् उटका चन्दनादिक ॥

-सभायां च प्रतिश्रयः ।

प्रतिश्रय-सभा, आश्रय वा अवलम्बन तथा अङ्गीकार ॥

प्रायो भूम्न्यन्तगमने—

प्राय-संन्यासपूर्वक भोजनका त्याग, मृत्यु वा मरण और तुल्य ॥

-मन्युर्दैन्ये क्रतौ क्रुधि ॥ १५३ ॥

मन्यु-क्रोध, दीनता वा गरीबी तथा चिन्ता वा शोक ॥ १५३ ॥

रहस्योपस्थयोर्गुह्यं—

गुह्य-छिपानेके योग्य तथा स्त्री वा पुरुष का मूत्रेन्द्रिय ॥

—सत्यं शपथतथ्ययोः ।

सत्य-सच्चा-गमी, सत्यभामा, सत्यता, कसम तथा सत्ययुग ॥

वीर्यं बले प्रभावे च—

वीर्य-बल और प्रभाव ॥

-द्रव्यं भव्ये गुणाश्रये ॥ १५४ ॥

द्रव्य-धन, भव्य अर्थात् सुंदर और स्थिर १५४

धिष्ण्यं स्थाने गृहे भेऽग्नौ-

धिष्ण्य-स्थान, गृह, नक्षत्र तथा अग्नि ॥

—भाग्यं कर्म शुभाशुभम् ।

भाग्य–भाग्य वा पूर्वजन्मके किये हुए अच्छे वा बुरे कर्म ॥

कशेरुहेम्नोर्गाङ्गेयं—

गांगेय–गंगासम्बन्धी वस्तु, भीष्म कौरवके पितामह, सुवर्ण वा सोना, कशेरुफल वा कन्द ॥

—विशल्यादन्तिकाऽपि च ॥ १५५ ॥

विशल्या–गुडूची ओषधी, इन्द्रपुष्पी ओषधी, अग्निकी शिखा वा आगकी लपट तथा दन्तिका ओषधी ॥ १५५ ॥

वृषाकपायी श्रीगौर्यो —

वृषाकपायी–लक्ष्मी तथा पार्वती ॥

…रभिख्या नामशोभयोः ॥

अभिख्या–नाम तथा शोभा ॥

आरम्भो निष्कृतिः शिक्षा पूजनं संप्रधारणम् ॥ १५६ ॥ उपायः कर्म चेष्टा च चिकित्सा च नव क्रियाः ।

क्रिया–क्रिया आरम्भ, प्रायश्चित्त, शिक्षा, पूजन, विचार ॥ १५६ ॥ उपाय, कर्म, चेष्टा तथा दवाई करना ॥

छाया सूर्यप्रिया कान्तिः प्रतिबिम्बमनातपः ॥ १५७ ॥

छाया–सूर्यकी स्त्री वा शनैश्चरकी माता तथा शोभा और प्रतिबिम्ब ॥ १५७ ॥

कक्ष्या प्रकोष्ठे हर्म्यादेः काञ्च्यां मध्येभबन्धने ।

कक्ष्या–राजाकी डेउढ़ी, स्त्रियोंके कमरका गहना, हाथीके मध्य शरीरका बन्धन ॥

कृत्या क्रियादेवतयोस्त्रिषु भेद्ये धनादिभिः ॥ १५८ ॥

कृत्या–धन, स्त्री, भूमि इत्यादि, फोड़नेके योग्य शत्रुका पौरुष इत्यादि, तामसी देवता जिसको लोग शत्रुपर चलाते हैं तथा क्रिया वा कर्म १५८॥

जन्यं स्याज्जनवादेऽपि—

जन्य–जो पैदा होता है, निन्दित वचन वरके अर्थात् दामादके पक्षवाले मित्र इत्यादि, बाजार तथा युद्ध ॥

—जघन्योऽन्त्येऽधमेऽपि च ।

जघन्य–सबसे पिछला–ली, अधम वा नीच तथा मूत्रेन्द्रिय ॥

गर्ह्याहीनौ च वक्तव्यौ—

वक्तव्य–बोलनेके योग्य, निन्दा करनेके योग्य, हीन अर्थात् किसी वस्तुसे रहित तथा अधीन वा परतन्त्र ॥

—कल्यौ सज्जनिरामयौ ॥ १५९ ॥

कल्य–कवच धारण करनेवाला योद्धा तथा नीरोग ॥ १५९ ॥

आत्मवाननपेतोऽर्थादर्थ्यो—

अर्थ्य–अर्थसे च्युत वा दूर न हुआ,बुद्धिमान्–मती, और शिलाजीत ॥

पुण्यं तु चार्वऽपि ।

पुण्य–पुण्यवान्, मनोहर तथा धर्म ॥

—रूप्यं प्रशस्तरूपेऽपि—

रूप्य–रमणीय वा सुन्दर, रुपया वा चांदी, छपी हुई चांदी वा सोना अर्थात् चांदी वा सोनेका रुपया ॥

—वदान्यो वल्गुवागपि ॥ १६० ॥

वदान्य–दाता वा देनेवाला–ली, मीठा बोलनेवाला–ली ॥ १६० ॥

न्याय्येऽपि मध्यं—

मध्य–बिचला–ली वा बीचवाला–ली, अधम वा नीच, न्याययुक्त वा न्यायके सदृश, कमर तथा बीच ॥

सौम्यं तु सुन्दरे सोमदैवते ।

सौम्य–सुधा–धी, सुन्दर, चन्द्रको निवेदन करनेके योग्य वस्तु, बुध (एक ग्रह) ॥

इति यांताः ॥

निवहावसरौ वारौ—

वार-सोम, मङ्गल, बुध इत्यादि ७ वार, अवसर तथा समूह ॥

संस्तरौ प्रस्तराध्वरौ ॥ १६१ ॥

संस्तर-कुशका बिछौना, बिछौना तथा यज्ञ ॥ १६१ ॥

गुरु गीष्पतिपित्राद्यौ—

गुरु-भारी, बृहस्पति, बडेलोक (पिता) इत्यादि ॥

—द्वापरौ युगसंशयौ।

द्वापर-संशय (सन्देह) 'द्वापर' युग ॥

प्रकारौ भेदसादृश्ये—

प्रकार-भेद (तरह) तथा तुल्यता ॥

—आकाराविङ्गिताकृती ॥ १६२ ॥

आकार-चेष्टा तथा सूरत ॥ १६२ ॥

किंशारू सस्यशूकेषू—

किंशारु-यव इत्यादिका टूडा (सुईके तुल्य अग्रभाग) तथा बाण और कंक पक्षी ॥

—मरू धन्वधराधरौ।

मरु-निर्जलदेश और पर्वत ॥

अद्रयो द्रुमशैलार्काः—

अद्रि-वृक्ष, पर्वत तथा सूर्य ॥

—स्त्रीस्तनाब्दौ पयोधरौ ॥ १६३ ॥

पयोधर—स्तन और मेघ ॥१६३॥

ध्वान्तारिदानवा वृत्रा—

वृत्र-वृत्रासुर, (एक दैत्य) अन्धकार तथा शत्रू ॥

—बलिहस्तांशवः कराः।

कर-हाथ, हाथीकी सूंड, किरण तथा महसूल वा कर ॥

प्रदरो भङ्गनारीरुग्बाणा—

प्रदर-स्त्रियोंका एक रोग (जिसके होनेसे मूत्र द्वारसे लोहू बहता है) भंग (भग्नता) तथा बाण॥

—अस्राः कचा अपि ॥ १६४ ॥

अस्र-केश, कोना आंसू तथा लोहू ॥ १६४ ॥

अजातशृङ्गो गौः कालेऽप्यश्मश्रुर्ना च तूबरौ।

तूवर-समयपर जिसके सींग न जमे हों ऐसा बैल, समयपर जिसके मूंछे न जमी हों ऐसा पुरुष॥

स्वर्णेऽपि राः—

रै-धन तथा सुवर्ण (सोना) ॥

—परिकरः पर्यंकपरिवारयोः ॥ १६५ ॥

परिकर-पलँग और कुटुम्ब ॥ १६५ ॥

मुक्ताशुद्धौ च तारः स्या—

तार-ऊंचा शब्द, नक्षत्र, आंखकी पुतली मोती, सफाई, गोल मोती, गोल और निर्मल मोतीसे बना हार, जलसे पार उतरना, एक बानर का नाम तथा चांदी धातु ॥

—च्छारो वायौ स तु त्रिषु। कर्बुरे—

शार-चितकबरा-री, चौपड़ इत्यादिके खेलनेकी गुट्टी तथा वायु ॥

—ऽथ प्रतिज्ञाजिसंविदापत्सु सङ्गरः १६६

संगर-संग्रामका युद्ध, प्रतिज्ञा, सलाह तथा आपत्ति वा विपत्ति ॥ १६६ ॥

वेदभेदे गुप्तवादे मन्त्रो—

मन्त्र-मन्त्र वा सलाह, एक वेदका भेद तथा गुप्त बोलना ॥

—मित्रो रवावपि।

मित्र-सूर्य, मित्र, (दोस्त) तथा अपने समीपके राजासे व्यवहित राजा ॥

मखेषु यूपखण्डेऽपि स्वरु—

स्वरु-इन्द्रका वज्र तथा यज्ञमें खम्भके छीलनेके समय उसमेंसे गिरा हुआ पहिला टुकड़ा ॥

शुक्लेऽप्यवस्करः ॥ १६७ ॥

अवस्कर–विष्ठा तथा स्त्री वा पुरुषका मूत्रेन्द्रिय (उपस्थ) ॥ १६७ ॥

आडम्बरस्तूर्यरवे गजेन्द्राणां च गर्जिते

आडम्बर–तैयारी, बाजेका शब्द तथा बड़े हाथियोंका शब्द ॥

अभिहारोऽभियोगे च चौर्ये संनहनेऽपि च ॥ १६८ ॥

अभिहार–चौराना, कवच इत्यादिका धारण तथा नालिश इत्यादि शत्रुके नाशका उपाय॥१६८॥

स्याज्जङ्गमे परीवारः खड्गकोषे परिच्छदे।

परीवार–कुटुम्ब, नरवार इत्यादिका म्यान तथा लाव, लश्कर ॥

विष्टरो विटपी दर्भमुष्टिः पीठाद्यमासनम् ॥१६९॥

विष्टर–बैठनेका आसन, वृक्ष, दर्भमुष्टि (एक प्रकारका परिमाण) वा नाप ॥ १६९ ॥

द्वारि द्वाःस्थे प्रतीहारः प्रतीहार्यप्यनन्तरे

प्रतीहार, प्रतीहारिन्– द्वार तथा द्वारपाल ॥

विपुले नकुले विष्णौ बभ्रुर्ना पिंगले त्रिषु ॥ १७० ॥

बभ्रु–पीले रंगवाली वस्तु, पीला रंग, बड़ा नौला, विष्णु तथा एक यादव ॥ १७० ॥

सारो बले स्थिरांशे च न्याय्ये क्लीबं वरे त्रिषु।

सार–श्रेष्ठ वा प्रधान, बल, वस्तुका स्थिर भाग, बाहीर, मज्जा व चरबी, पानी, धन तथा उचित वा न्यायके अनुसार ॥

दुरोदरो द्यूतकारे पणे द्यूते दुरोदरम् ॥ १७१ ॥

दुरोदर–जुआरी, दाव (जो द्रव्य जुएमें लगाया जाता है) जुआ ॥ १७१ ॥

महारण्ये दुर्गपथे कान्तारं पुंनपुंसकम्।

कान्तार–दुर्गम वा टेढ़ा मार्ग, बड़ा वन एक प्रकारका ऊख ॥

मत्सरोऽन्यशुभद्वेषे तद्वत्कृपणयोस्त्रिषु ॥ १७२ ॥

मत्सर–ईर्ष्या वा डाह करनेवाला (स्त्री) कृपण, तथा ईर्ष्या वा डाह ॥ १७२ ॥

देवाद्वृते वरः श्रेष्ठे त्रिषु क्लीबं मनाक्प्रिये।

वर–श्रेष्ठ वा प्रधान, वा मुख्य देवताने जो प्रसन्न होकर दिया, दूलह वा वर, केशर ॥

वंशांकुरे करीरोऽस्त्री तरुभेदे घटे च ना ॥ १७३ ॥

करीर–बांसका छकड़ा, करील वा टेंटी वृक्ष, एक प्रकारका कांटेदार वृक्ष वा कीकर तथा घटना वा मेल ॥ १७३ ॥

ना चमूजघने हस्ते सूत्रे प्रतिसरोऽस्त्रियाम्।

प्रतिसर–सेनाका पिछला हिस्सा, तथा मन्त्र-तन्त्रका डोरा ॥

यमानिलेन्द्रचन्द्रार्कविष्णुसिंहांशुवाजिषु ॥ १७४ ॥ शुकाहिकपिभेकेषु हरिर्ना कपिले त्रिषु।

हरि–यम, वायु, इन्द्र, चन्द्र, सूर्य, विष्णु, सिंह, किरण, घोड़ा ॥ १७४ ॥ तोता, साप, बन्दर, मेढक और हरा रङ्ग तथा कपिल रङ्ग और कुछ पीली वस्तु ॥

शर्करा कर्परांशेऽपि—

शर्करा—ठिकडी, कंकडी, खांड, रेता तथा बहुत किड्डिओंकी जमीन ॥

—यात्रा स्याद्यापने गतौ ॥ १७५ ॥

यात्रा–गमन वा चलना तथा चालना ॥१७५॥

इरा भूवाक्सुराऽप्सु स्या—

इरा—मद्य, भूमि, वाणी तथा जल ॥

तंद्री निद्राप्रमीलयोः।

तन्द्री—निद्रा तथा आलस्य ॥

धात्री स्यादुपमाताऽपि क्षितिरप्यामलक्यपि ॥ ॥१७६ ॥

धात्री–माता, आमला, पृथ्वी तथा उपमाता अर्थात् दूध पिलानेवाली धाय ॥ १७६ ॥

क्षुद्रा व्यङ्गा नटी वेश्या सरघा कण्टकारिका । त्रिषु क्रूरोऽधमे ऽल्पेऽपि क्षुद्रं—

क्षुद्र–क्रूर, अधम, अल्प वा थोड़ा (स्त्री) सूम, मधुमाखी, भटकटैया, हीन अंगवाली स्त्री,नटी,वेश्या

—मात्रा परिच्छदे ॥ १७७ ॥ अल्पे च परिमाणे सा मात्रं कात्स्न्येंऽवधारणे ।

मात्रा–परिच्छद व सामग्री ॥ १७७ ॥ परिमाण, सूक्ष्म वा पतला, सम्पूर्णता, तथा अवधारण वा निश्चय ॥

आलेख्याश्चर्ययोश्चित्र—

चित्र–चित्रविचित्ररङ्गवाला-ली, आश्चर्ययुक्त, कई एक मिश्रितरङ्ग, एक नक्षत्र, मूसाकर्णी औषध, एक तरहकी ककड़ी, अद्भुतरस, तसबीर तथा आश्चर्य ॥

—कलत्रं श्रोणिभार्ययोः ॥ १७८ ॥

कलत्र–कमर तथा स्त्री ॥ १७८ ॥

योग्यभाजनयोः पात्रं—

पात्र–लायक तथा बर्तन ॥

—पत्रं वाहनपक्षयोः ।

पत्र–सवारी और पंख ॥

निदेशग्रन्थयोः शास्त्रं—

शास्त्र–आज्ञा और ग्रन्थ ॥

—शस्त्रमायुधलोहयोः ॥ १७९ ॥

शस्त्र–हथियार और लोहा ॥ १७९ ॥

स्याज्जटांशुकयोर्नेत्रं—

नेत्र–जटा और वस्त्र तथा नेत्र ॥

क्षेत्रं पत्नीशरीरयोः ।

क्षेत्र–स्त्री तथा शरीर खेत ॥

मुखाग्रे क्रोडहलयोः पोत्रं—

पोत्र–सूकरके मुखका अग्रभाग तथा हलका अग्रभाग ॥

—गोत्रं तु नाम्नि च ॥ १८० ॥

गोत्र–नाम, पृथ्वी, पर्वत तथा कुल ॥१८०॥

सत्रमाच्छादने यज्ञे सदादाने वनेऽपि च

सत्र–ढक्कन, यज्ञ, सदादान, (सदावर्त) धन, वन तथा धूर्तता ॥

अजिरं विषये काये—

अजिर–विषय, शरीर, वायु तथा आंगन ॥

—ऽप्यम्बरं व्योम्नि वाससि ॥ १८१ ॥

अम्बर–आकाश तथा वस्त्र ॥ १८१ ॥

चक्रं राष्ट्रे—

चक्र–राज्य, चकवा पक्षी, समूह, रथका पहिया, कुम्हारका चाक तथा जलका भँवर ॥

—ऽप्यक्षरं तु मोक्षेऽपि—

अक्षर–मोक्ष, हरफ, ब्रह्म तथा ओंकार ॥

क्षीरमप्सु च ।

क्षीर–दुग्ध तथा जल ॥

स्वर्णेऽपि भूरिचन्द्रौ द्वौ—

भूरि तथा चन्द्र-सुवर्ण और सुन्दर ॥

द्वारमात्रेऽपि गोपुरम् ॥ १८२ ॥

गोपुर–नगरका द्वार तथा द्वारमात्र ॥ १८२ ॥

गुहादम्भौ गह्वरे द्वे—

गह्वर–गुफा और पाखण्ड ॥

—रहोऽन्तिकमुपह्वरे :

उपह्वर–एकान्त तथा समीप ।

पुरोऽधिकमुपर्यग्रा—

अग्र–पुर, अधिक तथा ऊपर ॥

ण्यगारे नगरे पुरम् ॥१८३॥ मंदिरं चा-

पुर–मंदिर-स्थान और नगर ॥ १८३ ॥

ऽथ राष्ट्रोऽस्त्री विषये स्यादुपद्रवे ।

राष्ट्र–देश तथा उपद्रव ॥

दरोऽस्त्रियां भये श्वभ्रे—

दर–भय, गढ़्ढा तथा थोड़ा वा सूक्ष्म ॥

वज्रोऽस्त्री हीरके पवौ ॥१८४॥

वज्र–इन्द्रका वज्र, सेहुँड़वृक्ष तथा हीरा ॥१८४॥

तन्त्रं प्रधाने सिद्धान्ते सूत्रवाये परिच्छदे ।

तंत्र–कुटुम्बका कार्य, सिद्धान्त, उत्तम औषध, प्रधान वा मुख्य, जुलाहा, एक प्रकारका शास्त्र, सामग्री, एक प्रकारकी वेदकी शाखा, एसा हेतु जो पदार्थोंको सिद्ध करता हो ॥

औशीरश्चामरे दण्डेऽप्यौशीरं शयनासने ॥ १८५॥

औशीर–चँवरका दण्ड, शयन और आसन । किसीके मतमें यह शब्द पृथक् २ शयन और आसनका वाचक है ॥ १८५ ॥

पुष्करं करिहस्ताग्रे वाद्यभांडमुखे जले। व्योम्नि खड्गफले पद्मे तीर्थौषधिविशेषयोः ॥ १८६ ॥

पुंष्कर–तलाव, कमल, आकाश, जल, पुष्करमूल, हाथीके सूंडका अग्रभाग, वाजेका मुख ॥ १८६ ॥

अन्तरमवकाशावधिपरिधानान्तर्धिभेदतादर्थ्ये । छिद्रात्मीयविनाबहिरवसरमध्येऽन्तरात्मनिच ॥ १८७ ॥

अन्तर–पहरनेके वस्त्रादि, आत्मसम्बन्धी वा अपनी वस्तु, बाह्य वस्तु, अदृश्य वस्तु, अवकाश, अवधि, अदृश्य होना, भेद, तादर्थ्य, छिद्र, विना अवसर, मध्य, अन्तरात्मा ॥ १८७ ॥

मुस्तेऽपि पिठरं—

पिठर–मोथा, घास तथा मंथनदंड वा मथनिया

—राजकशेरुण्यपि नागरम् ।

नागर–चतुर, नगरवासी, सोंठ तथा नागरमोथा

शार्वरं त्वन्धतमसे घातुके भेद्यलिङ्गकम् ॥ १८८ ॥

शार्वर–मारनेवाला–ली घन वा बड़ा अन्धकार ॥ १८८ ॥

गौरोऽरुणे सिते पीते—

गौर–श्वेत वा पीत वा लाल रंगवाली वस्तु, श्वेत रंग, पीला रंग लाल रंग, तथा रजोधर्मसे पहिली अवस्थावाली स्त्री ॥

—व्रणकार्यऽप्यरुष्करः ।

अरुष्कर–घाव करनेवाला–ली, भेलावा ॥

जठरः कठिनेऽपि स्या—

जठर–कठोर वस्तु, वृद्ध वा बुड्ढा तथा पेट ॥

—दधस्तादपि चाधरः ॥१८९॥

अधर–नीचे, नीचेका ओष्ठ, हीन तथा नीच ॥ १८९ ॥

अनाकुलेऽपि चैकाग्रो—

एकाग्र–एकाग्र वा तत्पर तथा स्वस्थचित्त ॥

—व्यग्रो व्यासक्तः आकुले ।

व्यग्र–व्याकुल वा घबडाया–यी, दुश्चित्त ॥

उपर्युदीच्यश्रेष्ठेष्वप्युत्तरः स्या—

उत्तर–उत्तर देशमें उत्पन्न हुआ-ई, श्रेष्ठ वा मुख्य, उत्तरदिशा, विराटका पुत्र, ऊपर, विराटकी पुत्री तथा उत्तर (जवाब) ॥

—दनुत्तरः ॥१९०॥ एषां विपर्यये श्रेष्ठे

अनुत्तर–श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ ॥ १९० ॥

—दूरानात्मोत्तमाः पराः ॥

पर–पराया–यी (वस्तु) अन्य–दूसरा–री, दूर, उत्तम वा श्रेष्ठ, शत्रु, केवल तथा अनन्तर ॥

स्वादुप्रियौ तु मधुरौ—

मधुर–स्वादु और प्रिय ॥

—क्रूरौ कठिननिर्दयौ ॥ १९१ ॥

क्रूर–कठिन और दयाहीन ॥ १९१ ॥

उदारो दातृमहतो-

उदार-दाता, बड़ा, सरल वा सूधा ॥

—रितरस्त्वन्यनीचयोः ।

इतर-अन्य तथा नीच ॥

मन्दस्वच्छन्दयोः स्वैरः—

स्वैर-मन्द वा ढीला-ली तथा स्वच्छंद (अपने मनका काम करनेवाला) ॥

—शुभ्रमुद्दीप्तशुक्लयोः ॥ १९२ ॥

शुभ्र-श्वेत वर्णकी वस्तु; उद्दीप्त वा प्रकाशमान तथा श्वेत रंग ॥ १९२ ॥

इति रान्ताः ॥

चूडा किरीटं केशाश्च संयता मौलयस्त्रयः ।

मौलि-मस्तक, चोटी, मुकुट बंधे हुए बाल ॥

द्रुमप्रभेदमातंगकाण्डपुष्पाणि पीलवः १९३ ॥

पीलु-वृक्षभेद, हस्ती, बाण तथा पुष्प ॥१९३॥

कृतान्तानेहसोः काल-

काल-यमराज, मृत्यु तथा समय ॥

-श्चतुर्थेऽपि युगे कलिः ।

कलि-चौथा युग, पुष्पकी कली,युद्ध तथा कलह

स्यात्कुरंगेऽपि कमलः—

कमल-हिरन, जल, तांबा, कमल तथा आकाश

-प्रावारेऽपि च कम्बलः ॥ १९४ ॥

कंबल—सर्पराज, गौके गलेका सास्ना तथा कम्बलवस्त्र ॥ १९४ ॥

करोपहारयोः पुंसि बलिः प्राण्यङ्गजे स्त्रियाम् ।

बलि—महसूल तथा बुढ़ापेमें पुरुषके शरीरमें पड़नेवाली सिकुड़न ॥

स्थौल्यसामर्थ्यसैन्येषु बलं ना काकसीरिणोः ॥ १९५ ॥

बल—मोटाई, सामर्थ्य, सेना, काकपक्षी तथा बलदेव ॥ १९५ ॥

वातूलः पुंसि वात्यायामपि वातासहे त्रिषु ।

वातूल—आंधी. बावला, तथा वायुको न सहनेवाला ॥

भेद्यलिंगः शठे व्यालः पुंसि श्वापदसर्पयोः ॥ १९६ ॥

व्याल-सर्प, दगाबाज तथा हिंसकपशु ॥१९६॥

मलोऽस्त्री पापविट्किट्टा—

मल-मैल, पाप तथा विष्ठा ॥

न्यस्त्री शूलं रुगायुधम् ।

शूल—रोग (जो पेटमें होता है) तथा शूल (एक शस्त्र) ॥

शंकावपि द्वयोः कीलः-

कील—अग्निकी ज्वाला वा लपट तथा लोहे आदिकी कील ॥

पालिः स्त्र्यश्र्यंकपंक्तिषु ॥ १९७ ॥

पालि-खड्ग इत्यादिका टोंका (कोना) धारा, चिह्न तथा पंक्ति ॥ १९७ ॥

कला शिल्पे कालभेदे—

कला-तीस काष्ठाका एक समय, कारीगरी, मूलधन, वृद्धि,टुकड़ा तथा चन्द्रका सोलहवां भाग ।

ऽप्याली सख्यावली अपि।

आलि-सखी तथा पंक्ति ॥

अब्ध्यम्बुविकृतौ वेला कालमर्यादयोरपि ॥ १९८ ॥

वेला-समुद्रका तीर, काल व समय तथा मर्यादा वा हद ॥ १९८ ॥

बहुलाः कृत्तिका गावो बहुलोऽग्नौ शितौ त्रिषु ।

बहुल-बहुल, काले रंगवाला-ली, अग्नि वा

आग, कृष्णपक्ष, काला रङ्ग, नेवारीपुष्प, गैया, स्त्री, बड़ी इलायची और आकाश ॥

लीला विलासक्रिययो-

लीला-विलास या क्रीड़ा, क्रिया तथा खेलना॥

-रुपला शर्करापि च ॥ १९९ ॥

उपला-पत्थर, रत्न तथा सिटकी ॥१९९॥

शोणितेऽम्भसि कीलालं-

कीलाल-जल तथा रुधिर ॥

-मूलमाद्ये शिफाभयोः ।

मूल-जड़, पहिला, वृक्षकी जटा तथा आभा और आदिकारण ॥

जालं समूह आनायगवाक्षक्षारकेष्वपि ॥ २०० ॥

जाल-मत्स्यादि पकड़नेका जाल, समूह, झरोखा तथा न फूली हुई कली ॥ २०० ॥

शीलं स्वभावे सद्वृत्ते-

शील-शुद्ध कर्म वा पवित्र काम तथा स्वभाव॥

-सस्ये हेतुकृते फलम् ।

फल-वृक्ष इत्यादिका फल, जायफल, ढाल, हलके नीचेका काष्ठ (जिसका अग्रभाग लोहेका बना रहता है), हेतु, सिद्ध किया गया बाणका अग्रभाग, त्रिफला,परिणाम तथा लाभ वा नफा ॥

छदिर्नेत्ररुजोः क्लीबं समूहे पटलं न ना ॥ २०१ ॥

पटल-समूह, खपड़ा तथा एक नेत्ररोग ।२०१॥

अधःस्वरूपयोरस्त्री तलं-

तल-किसी वस्तुके नीचेका भाग तथा स्वरूप ॥

-स्याच्चामिषे पलम् ।

पल-एकदण्ड (२४ मिनट काल) का साठवां हिस्सा, ६४ मासा, मांस, तथा ऊँचाईका माप ॥

और्वानलेऽपि पातालं-

पाताल-पाताल [illegible] ॥

-चैलं वस्त्रेऽधमे त्रिषु ॥ २०२ ॥

चैल-नीच वा अधम तथा वस्त्र ॥ २०२ ॥

कुकूलं शंकुभिः कीर्णे श्वभ्रे ना तु तुषानले ॥

कुकूल-करसीकी आग, कील व खूटियोंसे भरा हुआ गड्ढा ॥

निर्णीते केवलमिति त्रिलिंगं त्वेककृत्स्नयोः ॥ २०३ ॥

केवल-निर्णय किया गया 'एक' संख्या तथा संपूर्ण ॥ २०३ ॥

पर्याप्तिक्षेमपुण्येषु कुशलं शिक्षिते त्रिषु ।

कुशल-चतुर, सामर्थ्ययुक्त, कल्याणवाला-ली, सामर्थ्य, क्षेम, पुण्य तथा कल्याण ॥

प्रवालमंकुरेऽप्यस्त्री-

प्रवाल-मूंगा, नया पत्ता, अंकुर तथा वीणाका दण्ड ॥

-त्रिषु स्थूलं जडेऽपि च ॥ २०४ ॥

स्थूल-मोटा-टी, निर्बुद्धि वा बुद्धिरहित तथा समूह ॥ २०४ ॥

करालो दन्तुरे तुङ्गे-

कराल-भयंकर,ऊंचे दांतवाला-ली तथा ऊंचा-ची

-चारौ दक्षे च पेशलः ।

पेशल-चतुर तथा मनोहर ॥

मूर्खेऽर्भकेऽपि बालः स्या-

बाल-लड़का, केश, बाल, मूर्ख तथा नेत्र-वाली औषधी ॥

-ल्लोलश्चलसतृष्णयोः ॥ २०५ ॥

लोल-चञ्चल तथा लालची ॥२०५॥

इति लान्ताः ॥

दवदावौ वनारण्यवह्नी-

दव-दाव, वन तथा वनकी आग ॥

-जन्महरौ भवौ ।

भव-संसार, जन्म, शंकर ॥

मन्त्री सहायसचिवौ-

मंत्रिन्-राजाका मन्त्री वा राजाको सलाह देनेवाला तथा सहायक ॥

-पतिशाखिनरा धवाः ॥२०६॥

धव-स्त्रीका पति, एक वृक्ष तथा पुरुष ॥२०६॥

अवयः शैलमेषार्का-

अवि-मेंढा, पर्वत, सूर्य तथा रजस्वला स्त्री ॥

-आज्ञाह्वानाध्वरा हवाः ॥

हव-पुकारना, आज्ञा वा हुक्म तथा यज्ञ वा याग ।

भावः सत्तास्वभाभिवाप्रायचेष्टात्मजन्मसु ॥ २०७ ॥

भाव-अभिप्राय वा तात्पर्य, विद्वान् वा पंडित, सत्ता वा रहनेवालेका धर्म-स्वभाव, आत्मा, जन्म उत्पत्ति, चेष्टा तथा मनका विकार ॥ २०७ ॥

स्यादुत्पादे फले पुष्पे प्रसवो गर्भमोचने

प्रसव-जनना, उत्पत्ति, फल तथा पुष्प वा फूल

अविश्वासेऽपह्नवेऽपि निकृतावपि निह्नवः ॥ २०८ ॥

निह्नव-अविश्वास, झूंठ बोलना तथा धूर्त्तपन ॥ २०८ ॥

उत्सेकामर्षयोरिच्छाप्रसवे मह उत्सवः।

उत्सव—उत्सव वा मंगलकार्य, औद्धत्य वा गर्व वा बडाई, कोप, इच्छाका वेग तथा आनन्दका समय ॥

अनुभावः प्रभावे च सतां च मतिनिश्चये ॥ २०९ ॥

अनुभाव—प्रभाव, सत्पुरुषोंकी बुद्धिका निश्चय ॥ २०९ ॥

स्याज्जन्महेतुः प्रभवः स्थानं चाद्योपलब्धये ।

प्रभव-उत्पत्तिका स्थान, कारण, पराक्रम तथा [illegible] प्रथम स्थान ॥

शूद्रायां विप्रतनये शस्त्रे पारशवो मतः २१०

पारशव—शूद्रकी स्त्रीमें ब्राह्मणसे हुआ पुत्र तथा शस्त्र ॥ २१० ॥

ध्रुवो भभेदे क्लीबं तु निश्चिते शाश्वते त्रिषु ।

ध्रुव-स्थिर, नक्षत्रविशेष, निश्चय तथा शाश्वत

स्वो ज्ञातावात्मनि स्वं त्रिष्वात्मीये स्वोऽस्त्रियां धने ॥ २११ ॥

स्व-जातिके पुरुष, आत्मा, अपना तथा धन ॥ २११ ॥

स्त्रीकटीवस्त्रबन्धेऽपि नीवी परिपणेऽपि च ॥

नीवी-स्त्रीके वस्त्रका बन्धन जो नाभिके समीप बांधा जाता है तथा मूलधन ॥

शिवा गौरीफेरवयो-

शिवा—पार्वती, सियार, शमीका वृक्ष, हर तथा आंवला ॥

द्वन्द्वं कलहयुग्मयोः ॥ २१२ ॥

द्वन्द्व-कलह तथा स्त्री पुरुषका जोडा ॥२१२॥

द्रव्यासुव्यवसायेषु सत्त्वमस्त्री तु जन्तुषु ।

सत्त्व—द्रव्य, प्राण अत्यन्त उद्योग, जन्तु, सत्त्वगुण तथा बल ॥

क्लीबं नपुंसके षण्डे वाच्यलिंगमविक्रमे ॥ २१३ ॥

क्लीव-नपुंसकलिङ्ग, नपुंसक पुरुष तथा पराक्रमहीन ॥ २१३ ॥

इति वान्ताः ॥

द्वौ विशौ वैश्यमनुजौ-

विट्-वैश्य मनुष्य तथा प्रवेश ॥

-द्वौ चराभिमरौ स्पशौ ।

स्पश-दूत तथा संग्राम ॥

द्वौ राशी पुञ्जमेषाद्यौ-

राशि-समूह तथा मेषवृषादि राशि ॥

द्वौ वंशौ कुलमस्करौ ॥ २१४ ॥

वंश-कुटुम्ब तथा बांस ॥ २१४ ॥

रहःप्रकाशौ वीकाशौ—

वीकाश-एकान्त तथा प्रकाश ॥

निवेशो भृतिभोगयोः ।

निर्वेश-नौकरी, भोग तथा मूर्च्छा ॥

कृतान्ते पुंसि कीनाशः क्षुद्रकर्षकयोस्त्रिषु ॥ २१५ ॥

कीनाश-यमराज तथा किसान ॥ २१५ ॥

पदे लक्ष्ये निमित्तेऽपदेशः स्यात्—

अपदेश-बहाना, निशाना वा लक्ष्य तथा निमित्त वा हेतु ॥

—कुशमप्सु च ।

कुश-कुश एक तरहकी घास तथा जल ॥

दशाऽवस्थानेकविधा—

दशा-अवस्था (लडकई जवानी इत्यादि) ॥

—प्याशा तृष्णाऽपि चायता ॥ २१६ ॥

आशा-बड़ी तृष्णा तथा दिशा ॥ २१६ ॥

वशा स्त्री करिणी च स्याद्-

वशा-स्त्री, बांझ; गाय तथा हाथिनी और बेटी ॥

—दृग्ज्ञाने ज्ञातरि त्रिषु । स्यात्कर्कशः साहसिकः कठोरामसृणावपि ॥ २१७ ॥

कर्कश-कठोर, दुःस्पर्श, साहसी तथा झगडेलू स्त्री और कवीला औषधि ॥ २१७ ॥

प्रकाशोऽतिप्रसिद्धेऽपि—

प्रकाश-अतिप्रसिद्ध, धूप, उजाला ॥

शिशावज्ञे च बालिशः ।

बालिश-बालक तथा मूर्ख ॥

इति शान्ताः ॥

सुरमत्स्यावनिमिषौ-

अनिमिष-देवता तथा मत्स्य वा मछली ॥

-पुरुषावात्ममानवौ ॥ २१८ ॥

पुरुष-पुरुष वा नर आत्मा, नागकेशर वृक्ष तथा मनुष्य ॥ २१८ ॥

काकमत्स्यात्खगौ ध्वांक्षौ—

ध्वांक्ष-कौवा तथा मत्स्य पकड़नेवाला पक्षी (बगुला) इत्यादि ॥

कक्षौ तु तृणवीरुधौ ।

कक्ष-कांख वा बगुला तथा तृण वा घासकी गंजी और लता ॥

अभीषुः प्रग्रहे रश्मौ—

अभीषु-किरण, डोरी तथा पगहा लगाम, इत्यादि ॥

—प्रैषः प्रेषणमर्दने ॥ २१९ ॥

प्रैष-भेजना, मर्दन करना तथा आज्ञा देना ॥ २१९ ॥

पक्षः सहाये—

पक्ष-पक्षियोंका पंख, वा आधा महीना, सहाय वैर, बल, मित्र, घर, शरीरकी अगलबगलकी पंसली तथा बडा हाथी और निकट ॥

-प्युष्णीषः शिरोवेष्टकिरीटयोः ।

उष्णीष-पगडी तथा किरीट व मुकुट ॥

शुक्रले मूषिके श्रेष्ठे सुकृते वृषभे वृषः ॥ २२० ॥

वृष-मूषा, जन्तु, श्रेष्ठ वा मुख्य, अडूसा एक झाड़, वृषभनामक औषध, बैल, अण्डकोष, धर्म, मेष आदि १२ राशियोंमेंसे दूसरा राशि, सिंगिया (एक विष) तथा एक सुगंध चूर्ण ॥ २२० ॥

कोषोऽस्त्री कुड्मले खड्गपिधानेऽर्थौघदिव्ययोः ॥

कोष- (श)-पुष्पकी कली, तलवारका घर वा म्यान, खजाना तथा शपथ (सौगंध वा कसम) ॥

द्यूतेऽक्षे शारिफलकेऽप्याकर्षो—

आकर्ष—जूआ, गुन्टियोंके रखनेके लिये वस्त्रादिसे बना घर तथा पासा ॥

—ऽथाक्षमिन्द्रिये ॥ २२१ ॥ ना द्यूताङ्गे कर्षचक्रे व्यवहारे कलिद्रुमे ।

अक्ष—इंद्रिय ॥ २२१ ॥ पासा, सोलह मासा बहेड़ा, सोंचरनोन ॥

कर्षूवर्ती करीषाग्निः कर्षूः कुल्याभिधायिनि ॥ २२२ ॥

कर्षू—पासा, एक प्रकारकी तोल, पहिया, बहेड़ाफल, व्यवहार, करसीकी आग, जीविका तथा नदी ॥ २२२ ॥

पुंभावे तत्क्रियायां च पौरुषं—

पौरुष—पोरसाभर गहिरा—री, पौरुष पुरुषका धर्म ॥

—विषमप्सु च ।

विष—विष वा जहर तथा पानी ॥

उपादानेऽप्यामिषं स्या—

आमिष—मांस तथा घूस ॥

दपराधेऽपि किल्बिषम् ॥ २२३ ॥

किल्बिष—पाप, अपराध तथा प्रीति ॥ २२३ ॥

स्याद्वृष्टौ लोकधात्वंशे वत्सरे वर्षमस्त्रियाम् ।

वर्ष—बरस वा देवताओंका एक दिन, दृष्टि वा वर्षा, जम्बूद्वीप तथा स्नान ॥

प्रेक्षा नृत्येक्षणं प्रज्ञा—

प्रेक्षा—बुद्धि तथा देखना ॥

भिक्षा सेवार्थना भृतिः ॥ २२४ ॥

भिक्षा—भीख, सेवा, प्रार्थना वा मजूरी ॥ २२४ ॥

त्विड् शोभापि—

त्विष्—शोभा तथा वाणी ॥

—त्रिषु परे—

न्यक्ष—अध्यक्ष और रूक्ष यह तीनों शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

—न्यक्षं कात्स्न्र्यनिकृष्टयोः ॥

न्यक्ष—निकृष्ट वा नीच तथा सपूर्णता ॥

प्रत्यक्षेऽधिकृतेऽध्यक्षो—

अध्यक्ष—प्रत्यक्ष तथा अधिकारी ॥

—रूक्षस्त्वप्रेम्ण्यचिक्कणे ॥ २२५ ॥

रूक्ष—प्रेमरहित रूखा ॥ २२५ ॥

॥ इति षांताः ॥

रविश्वेतच्छदौ हंसौ—

हंस—सूर्य और हंसपक्षी ॥

सूर्यवह्नी विभावसू ।

विभावसु—सूर्य तथा अग्नि ॥

वत्सौ तर्णकवर्षौ द्वौ—

वत्स—बछवा, बच्चा वा लड़का, छाती तथा वर्ष वा बरिस ॥

—सारंगाश्च दिवौकसः ॥ २२६ ॥

दिवौकस्—देवता तथा पक्षी ॥ २२६ ॥

शृङ्गारादौ विषे वीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः

रस—खट्टा मीठा इत्यादि ६ रस पारा, धातु, गन्धरस, शृङ्गार, वीर, करुणा इत्यादि साहित्यके रस, वीर्य वा धातु प्रीति वा प्रेम, जहर, स्वाद; पतलीवस्तु (जैसा पानी शरबत आदि)

पुंस्युत्तंसावतंसौ द्वौ कर्णपूरे च शेखरे ॥ २२७ ॥

उत्तंस, अवतंस—कर्णफल वा कानका भूषण तथा शिरपेंच ॥ २२७ ॥

देवभेदेऽनले रश्मौ वसू रत्ने धने वसु ।

वसु—किरण वा प्रकाश, अग्नि वा आठ, कुबेर, गुम्माभाजी, पानी, धन, तथा मणि ॥

विष्णौ च वेधाः—

वेधस्—ब्रह्मा, विष्णु तथा पंडित ॥

-स्त्री त्वाशीर्हिताशंसाहिदंष्ट्रयोः ॥२२८॥

आशिस्-दूसरेके हितका चाहना और सपकी दंष्ट्रा ॥ २२८ ॥

लालसे प्रार्थनौत्सुक्ये-

लालसा-प्रार्थना तथा उत्कंठा वा बड़ी चाह ॥

-हिंसा चौर्यादिकर्म च ।

हिंसा-चोरी आदि बुरा कर्म तथा वध करना ॥

प्रसूरश्वापि-

प्रसू-माता तथा घोड़ी ॥

-भूद्यावौ रोदस्यौ रोदसी च ते॥२२९॥

रोदसी-द्विवचनांत, भूमि तथा आकाश॥२२९

ज्वालाभासौ न पुंस्यर्चि-

अर्चिस्-ज्वाला तथा प्रकाश ॥

-ज्योतिर्भद्योतदृष्टिषु ।

ज्योतिस्-ज्योतिर्विद्या, ताराप्रकाश तथा दृष्टि॥

पापापराधयोरागः-

आगस्-पाप तथा अपराध ॥

-खगबाल्यादिनोर्वयः ॥ २३० ॥

वयस्-पक्षी और बाल्य आदि अवस्था ।२३०॥

तेजःपुरीषयोर्वर्चो-

वर्चस्-तेज या प्रकाश वा चमक तथा विष्ठा ॥

-महस्तूत्सवतेजसोः ।

महस्-उत्सव तथा तेज ॥

रजो गुणे च स्त्रीपुष्पे-

रजस्-धूलि और रजोगुण तथा स्त्रीका हर महीनेका रुधिर ॥

-राहौ ध्वान्तेऽगुणे तमः ॥ २३१ ॥

तमस्-अन्धकार, राहुग्रह, तमोगुण अज्ञान तथा क्रोध ॥ २३१ ॥

छन्दः पद्येऽभिलाषे च-

छन्दस्-पद्य और अभिलाष तथा वेद ॥

तपः कृच्छ्रादिकर्म च ।

तपस्-कृच्छ्रादिव्रत तथा लोकांतर अर्थात् कोई लोक ॥

सहो बलं सहा मार्गो-

सहस्-अगहन महीना तथा बल वा सामर्थ्य ॥

नभः खं श्रावणो नभाः ॥ २३२ ॥

नभस्-श्रावणमहीना तथा आकाश ॥२३२॥

ओकः सद्माश्रयश्चौकाः-

ओकस्-आश्रय वा अवलंबन तथा घर ॥

पयः क्षीरं पयोऽम्बु च ।

पयस्-पानी तथा दूध ॥

ओजो दीप्तौ बले-

ओजस्-बल तथा प्रकाश ॥

स्रोत इंद्रिये निम्नगारये ॥ २३३ ॥

स्रोतस्-स्रोत वा आपसे आप जलका बहना, इन्द्रिय तथा नदीका वेग ॥ २३३ ॥

तेजः प्रभावे दीप्तौ च बले शुक्रे-

तेजस्-प्रभाव, प्रकाश, वीर्य, तथा काम ॥

-ऽप्यतस्त्रिषु ।

यहांसे आगे सान्तवर्गकी समाप्तिपर्यन्त सब शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

विद्वान्विदंश्च-

विद्वान्-पंडित वा जानकार तथा पत्र ॥

-बीभत्सो हिंस्रो-

बीभत्स-जिसको देखकर घिन्न उत्पन्न हो ॥

घात करनेवाला, क्रूर वा कठोर तथा बीभत्स रस ॥

-ऽप्यतिशये त्वमी ॥ २३४ ॥ वृद्धप्रशस्तयोर्ज्यायान्-

ज्यायस्-बहुत बुड्ढा-डेढी तथा अत्यन्त प्रशंसा करनेके योग्य ॥ २३४ ॥

कनीयांस्तु युवाल्पयोः ।

कनीयस्-अत्यन्त जवान, अत्यन्त छोटा तथा छोटा भाई ॥

वरीयांस्तूरुवरयोः—

वरीयस्-अत्यन्त बड़ा तथा अत्यन्त श्रेष्ठ ॥

—साधीयान्साधुबाढयोः ॥ २३५ ॥

साधीयस्-अत्यन्त साधु वा भलाली तथा अत्यन्त बहुत ॥ २३५ ॥

इति सान्ताः ॥

वृक्षेऽपि बर्ह-

बर्ह-मोरके पंख वा पूंछ, पत्ता तथा करौंदा वृक्ष ॥

-निर्बन्धोपरागार्कादयो ग्रहाः ।

ग्रह-सूर्य इत्यादि ९ ग्रह, ग्रहण करना, यज्ञके पात्र, ग्रहण जो सूर्य चन्द्रको लगता है तथा आग्रह वा हठ ॥

द्वारपिंडे कवायरसे निर्य्यूहो नागदन्तके ॥ २३६ ॥

निर्य्यूह-खूटी, शिरोवेष्टन (पगड़ी सिरपेंच इत्यादि) तथा द्वार और काढ़ा ॥ २३६ ॥

तुलासूत्रेऽश्वादिरश्मौ प्रग्राहः प्रग्रहोऽपि च ।

प्रग्राह-प्रग्रह कैदी जो चोर इत्यादि अपराधीका दण्ड है, पगहा वा पशु बांधनेकी डोरी, तराजू तथा घोड़ा इत्यादिकी लगाम ॥

पत्नीपरिजनादानमूलशापाः परिग्रहाः ॥ २३७ ॥

परिग्रह-पत्नी वा स्त्री, परिवार, अंगीकार तथा वृक्षादिकी जड़ और शाप ॥२३७ ॥

दारेषु च गृहाः—

गृह-पत्नी तथा घर ॥

-श्रोण्यामप्यारोहो वरस्त्रियाः ।

आरोह-चढ़ना, श्रेष्ठ स्त्रीका कटिभाग वा श्रेष्ठ स्त्री की कमर तथा वृक्ष इत्यादिकी ऊंचाई ॥

व्यूहो वृन्दे—

व्यूह-समूह तथा एक प्रकारकी सेनाकी रचना ॥

ऽप्यहिर्वृत्रे-

अहि-सर्प तथा वृत्रनामा दैत्य ॥

-ऽप्यग्नीन्दुर्कास्तमोऽपहाः ॥ २३८ ॥

तमोऽपहा-चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि ॥ २३८ ॥

परिच्छदे नृपार्हेऽर्थे परिबर्हो—

परिबर्ह-राजाका छत्र, चमर इत्यादि चिह्न तथा सामग्री ॥

॥ इति हान्ताः ॥

—ऽव्ययाः परे ।

अब-इसके उपरांत अव्ययोंका वर्णन करते हैं जो कि तीनों लिंग, सातों विभक्ति और एकवचन द्विवचन बहुवचनमें समान बने रहते हैं और उनमें कुछ विकार नहीं होता ॥

आङीषदर्थेऽभिव्याप्तौ सीमार्थे धातुयोगजे ॥ २३९ ॥

आङ्-ईषत्, अभिव्याप्ति, सीमार्थ और धातुके योगार्थमें होता है ॥ २३९ ॥

आ प्रगृह्यः स्मृतौ वाक्ये—

आ-स्मरण, वाक्यपूरणार्में ॥

—ऽप्यास्तु स्यात्कोपपीडयोः ।

आः-कोपमें, पीड़ामें ॥

पापकुत्सेषदर्थे कु—

कु-पाप, निन्दा तथा थोड़े अर्थमें ॥

धिङ्निर्भर्त्सननिन्दयोः ॥ २४० ॥

धिक्-ग्लानि देना वा धिक्कारना तथा निन्दा ॥ २४० ॥

चान्वाचयसमाहारेतरेतरसमुच्चये ।

च-अन्वाचय, समाहार, इतरेतर और समुच्चयमें

स्वस्त्याशीः क्षेमपुण्यादौ—

स्वस्ति-आशीर्वाद, कल्याण, पुण्य और मङ्गलमें

—प्रकर्षे लंघनेऽप्यति ॥ २४१ ॥

अति-अतिशय, बडाई, प्रकर्ष और लंघन अर्थमें ॥ २४१ ॥

स्वित्प्रश्ने च वितर्के च—

स्वित्-प्रश्न वा पूँछना तथा तर्क करनेमें ॥

—तु स्याद्भेदेऽवधारणे ।

तु-किन्तु, फेर, पादपूरणमें तथा अवधारणमें ॥

सकृत्सहैकवारे चा—

सकृत्-साथ वा संग तथा एकवारमें ॥

—ऽऽराद्दूरसमीपयोः ॥२४२॥

आरात्-दूर तथा समीपमें ॥ २४२ ॥

प्रतीच्यां चरमे पश्चा—

पश्चात्-पीछे, पिछला तथा पश्चिम दिशामें ॥

दुताप्यर्थविकल्पयोः ।

उत-समुच्चय और विकल्पमें ॥

पुनः सहार्थयोः शश्व-

शश्वत्—सदा वा सर्वदा तथा निरन्तर वा हरदम और फिरमें ॥

त्साक्षात्प्रत्यक्षतुल्ययोः ॥ २४३ ॥

साक्षात्—प्रत्यक्ष और तुल्यमें ॥ २४३ ॥

खेदानुकम्पासंतोषविस्मयामन्त्रणे बत।

बत-खेद, दया, संतोष, आश्चर्य, जैसी इच्छा हो वैसा करो ऐसी आज्ञा देना ॥

हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयोः ॥ २४४ ॥

हन्त-हर्ष, दया, वाक्यारम्भ तथा विषाद २४४

प्रति प्रतिनिधौ वीप्सालक्षणादौ प्रयोगतः ।

प्रति-मुख्यके समान व्याप्त करनेकी इच्छा, चिह्न तथा विपरीत ॥

इति हेतुप्रकरणप्रकाशादिसमाप्तिषु ॥ २४५ ॥

इति-हेतु, प्रकरण, प्रकाश, आदि तथा समाप्ति ॥ २४५ ॥

प्राच्यां पुरस्तात्प्रथमे पुरार्थेऽग्रत इत्यपि ।

पुरस्तात्-पूर्वदिशा, प्रथम, पूर्वकाल तथा आगे ।

यावत्तावच्च साकल्येऽवधौ मानेऽवधारणे ॥ २४६ ॥

यावत्-तावत्-संपूर्ण, हद, तोल तथा निश्चय ॥ २४६ ॥

मंगलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्येष्वथो अथ ।

अथो-अथ-मंगल, अनन्तर, आरम्भ, प्रश्न तथा संपूर्णता ॥

वृथा निरर्थकाविध्यो—

वृथा-निरर्थक, विधिहीन ॥

—र्नानानेकोभयार्थयोः ॥ २४७ ॥

नाना-अनेक तथा उभयार्थक ॥ २४७ ॥

नु पृच्छायां विकल्पे च—

नु-प्रश्न तथा विकल्प ॥

—पश्चात्सादृश्ययोरनु ।

अनु-पीछे तथा सदृशता ॥

प्रश्नावधारणानुज्ञानुनयामन्त्रणे ननु ॥ २४८ ॥

ननु-प्रश्न, निश्चय, आज्ञा, शान्त करना तथा सम्बोधन ॥ २४८ ॥

गर्हासमुच्चयप्रश्नशंकासंभावनास्वपि ।

अपि-निन्दा, समुच्चय, प्रश्न, शंका तथा संभावना ॥

उपमायां विकल्पे वा—

वा—उपमा तथा विकल्प ॥

—सामित्वर्धे जुगुप्सिते ॥ २४९ ॥

सामि—आधा तथा निन्दित ॥ २४९ ॥

अमा सह समीपे च—

अमा—साथ तथा समीप ॥

—कं वारिणि च मूर्धनि।

कम्—जल तथा मस्तक ॥

इवेत्थमर्थयोरेवं—

एवम्—इवार्थक तथा प्रकारार्थक ॥

—नूनं तर्केऽर्थनिश्चये ॥ २५० ॥

नूनम्—तर्कणा तथा अर्थनिश्चय ॥ २५० ॥

तूष्णीमर्थे सुखे जोष—

जोषम्—चुप होना तथा सुख ॥

—किं पृच्छायां जुगुप्सने।

किम्—प्रश्न तथा निन्दा करना ॥

नाम प्राकाश्यसंभाव्यक्रोधोपगमकुत्सने ॥ २५१ ॥

नाम—प्रसिद्धि, संभावना, क्रोध, सुन्दर वेश धारण करना तथा ललकारना ॥ २५१ ॥

अलं भूषणपर्याप्तिशक्तिवारणवाचकम्।

अलम्—अलंकार, परिपूर्णता, सामर्थ्य तथा मना करना ॥

हुं वितर्के परिप्रश्ने—

हुम्—तर्कणाकरना तथा प्रश्न करना ॥

—समयान्तिकमध्ययोः ॥ २५२ ॥

समया—समीप तथा मध्य ॥ २५२ ॥

पुनरप्रथमे भेदे—

पुनर्—प्रथमके अनन्तर तथा भेद ॥

निर्निश्चयनिषेधयोः।

निर्—निश्चय तथा निषेध ॥

स्यात्प्रबन्धे चिरातीते निकटागामिके पुरा ॥ २५३ ॥

पुरा—प्रबन्ध अर्थात् निरन्तर, प्राचीन समीप तथा होनेवाला ॥ २५३ ॥

ऊरर्यूरी चोररी च विस्तारेऽङ्गीकृतौ त्रयम्।

ऊररी—ऊरी—उररी—विस्तार तथा अंगीकार करना

स्वर्गे परे च लोके स्व—

स्वर्—स्वर्ग तथा परलोक ॥

—र्वार्तासंभाव्ययोः किल ॥ २५४ ॥

किल—वार्ता तथा संभावना ॥ २५४ ॥

निषेधवाक्यालंकारजिज्ञासानुनये खलु।

खलु—निषेध, वाक्यालंकार, जिज्ञासा तथा अनुनय ॥

समीपोभयतः शीघ्रसाकल्याभिमुखेऽभितः ॥ २५५ ॥

अभितः—समीप, दोनों ओर, शीघ्र, चारों ओर तथा संमुख ॥ २५५ ॥

नामप्राकाश्ययोः प्रादु—

प्रादुस्—नाम तथा प्रकट ॥

मिंथोऽन्योन्यं रहस्यपि।

मिथस्—परस्पर तथा एकांत ॥

तिरोऽन्तर्धौ तिर्यगर्थे—

तिरस्—अन्तर्धान तथा टेढ़ा ॥

—हा विषादशुगर्तिषु ॥ २५६ ॥

हा—विषाद, शोक तथा पीडा ॥ २५६ ॥

अहहेत्यद्भुते खेदे—

अहह—अद्भुत तथा खेद ॥

—हि हेतावधारणे।

हि—हेतु तथा निश्चय ॥

इत्यनेकार्थवर्गविवरणम् ॥ ३ ॥

अथाव्ययवर्गः ४.

चिराय चिररात्राय चिरस्याद्याश्चिरार्थकाः ।

बहुत कालवाचक अव्ययशब्द ६—चिराय १ चिररात्राय २ चिरस्य ३ आदि शब्दसे चिरम् ४ चिरेण ५ चिरात्, चिरे ६॥

मुहुः पुनःपुनः शश्वदभीक्ष्णमसकृत्समाः ॥ १ ॥

बारम्बार अर्थवाचक अव्यय शब्द ५—मुहुः १ पुनःपुनः २ शश्वत् ३ अभीक्ष्णम् ४ असकृत् ५॥१॥

स्राग्झटित्यञ्जसाह्नाय द्राङ्मंक्षु सपदि द्रुते ।

शीघ्रतावाचक अव्यय शब्द ८—स्राक् १ झटिति २ अंजसा ३ अन्हाय ४ द्राक् ५ मंक्षु ६ सपदि ७ द्रुतम् ८॥

बलवत्सुष्ठु किमुत स्वत्यतीव च निर्भरे ॥ २ ॥

अतिशयवाचक अव्यय शब्द ६— बलवत् १ सुष्ठु २ किमुत ३ सु ४ अति ५ अतीव ६ ॥२॥

पृथग्विनान्तरेणर्ते हिरुङ्नाना च वर्जने

वर्जनवाचक वर्जनवाले अव्यय शब्द ६—पृथक् १ विना २ अंतरेण ३ ऋते ४ हिरुक् ५ नाना ६॥

यत्तद्यतस्ततो हेता—

कारणवाचक अव्यय शब्द ४ यत् तत् २ यतः ३ ततः ४॥

—वसाकल्ये तु चिच्चन ॥ ३ ॥

अपूर्णतावाचक अव्यय शब्द २—चित् १ चन २ ॥ ३॥

कदाचिज्जातु—

किसी कालवाचक अव्यय शब्द २—कदाचित् १ जातु २ ॥

सार्धं तु साकं सत्रा समं सह ।

साथ वाचक अव्ययशब्द ५—साकम् १ सार्धम् २ सत्रा ३ समम् ४ सह ५ ॥

आनुकूल्यार्थकं प्राध्वं—

अनुकूलतावाचक अव्यय शब्द १—प्राध्वम् १ ॥

—व्यर्थके तु वृथा मुधा ॥ ४ ॥

व्यर्थवाचक अव्यय शब्द २—वृथा १ मुधा २ ॥ ४ ॥

आहो उताहो किमुत विकल्पे किं किमूत च ।

विकल्पार्थवाचक अव्यय शब्द ६— आहो १ उताहो २ किमुत ३ किम् ४ किमु ५ उत ६ ॥

तु हि च स्म ह वै पादपूरणे—

श्लोककी पादपूर्णता बतानेवाले अव्यय शब्द६—तु १ हि २ च ३ स्म ४ ह ५ वै ६ ॥

—पूजने स्वती ॥ ५ ॥

पूजावाचक अव्यय शब्द २ सु १ अति २॥५॥

दिवाह्नी—

दिनका अर्थवाचक. अव्ययशब्द १—दिवा १

—त्वथ दोषा च नक्तं च रजनाविति ।

रात्रिके अर्थवाचक अव्यय शब्द २—दोषा १ नक्तम् २ ॥

तिर्यगर्थे साचि तिरो—

टेढे अर्थवाचक अव्यय शब्द २—साचि १ तिरस् २ ॥

—प्यथ संबोधनार्थकाः ॥ ६ ॥ स्युः प्याट् पाडङ्ग हे है भोः—

सम्बोधनार्थवाचक अव्यय शब्द ६—प्याट् १ पाट् २ अग ३ हे ४ है ५ भोः ६ ॥ ६ ॥

—समया निकषा हिरुक् ।

समीपवाचक अव्यय शब्द ३— समया १ निकषा २ हिरुक् ३ ॥

अतर्किते तु सहसा—

अकस्मात्का अर्थवाचक अव्यय शब्द १—सहसा १ ॥

—स्यात्पुरः पुरतोऽग्रतः ॥ ७ ॥

आगेके अर्थवाचक अव्यय शब्द ३- पुरः १ पुरतः २ अग्रतः ३ ॥ ७ ॥

स्वाहा देवहविर्दाने श्रौषट् वौषट् वषट् स्वधा ।

देवताओं और पितरोंके हव्य देनेके उपयोगी वाचक अव्यय शब्द ५-स्वाहा १ श्रौषट् २ वौषट् ३ वषट् ४ स्वधा ५ पितरोंके उपयोगी प्रसिद्ध है ॥

किंचिदीषन्मनागल्पे—

अल्पके वाचक अव्यय शब्द ३— किंचित् १ ईषत् २ मनाक् ॥ ३ ॥

—प्रेत्यामुत्र भवान्तरे ॥ ८ ॥

जन्मान्तरवाचक अव्यय शब्द २- प्रेत्य १ अमुत्र

व वा यथा तथैवैवं साम्ये—

समतावाचक अव्ययशब्द ६-व १ वा २ यथा ३ तथा ४ इव ५ एवम् ६ ॥

—ऽहो ही च विस्मये ।

विस्मयवाचक अव्यय शब्द २-अहो १ ही ॥

मौने तु तूष्णीं तूष्णीकां—

मौनार्थवाचक अव्ययशब्द २-तूष्णीम् १ तूष्णीकाम् २ ॥

—सद्यः सपदि तत्क्षणे ॥ ९ ॥

तत्कालवाचक अव्ययशब्द २-सद्यस् १ सपदि २ ॥ ९ ॥

दिष्ट्या समुपजोषं चेत्यानन्दे—

आनन्दवाचक अव्ययशब्द २-दिष्ट्या १ समुपजोषम् २ ॥

—ऽथान्तरेऽन्तरा । अन्तरेण च मध्ये स्युः—

